JULY – 2026 (APR – JUN) 2026)
Vol. SHQ-BSGUP -021

# BHARAT SCOUTS AND GUIDES UTTAR PRADESH

# “तेजल”

## त्रैमासिक पत्रिका




State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार**
कार्यालय सहायक
**सम्भव श्रीवास्तव**
आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

"A week of camp life is worth six months of theoretical teaching in the meeting room."

*- Lord Robert Baden-Powell*



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 9
❖ विश्विद्यालय कार्यक्रम - 26
❖ BSG ज्ञान क्विज - 27



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



प्रिय साथियों,

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका **"तेजल"** के अप्रैल-जून 2026 के 21वें अंक के प्रकाशन के अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक शैक्षिक युवा आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना है। स्काउटिंग केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक प्रभावी माध्यम है। स्काउट एवं गाइड अपने आचरण, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से समाज को निरंतर प्रेरित करते हैं।

अप्रैल से जून 2026 की अवधि में प्रदेशभर में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण शिविरों एवं एडवेंचर गतिविधियों का सफल संचालन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं जिम्मेदारी के गुणों का निरंतर विकास हुआ है।

इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में **"यू.पी.–स्काउट्स–केयर (U.P. Scouts-Care)"** अभियान का शुभारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित, संवेदनशील, अनुशासित एवं विकसित राज्य बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह अभियान **"Care for State • Care for Others • Care for Self"** की मूल भावना पर आधारित है।

इस अभियान के अंतर्गत **चरित्र निर्माण एवं नैतिकता, स्वच्छता एवं सैनिटेशन, स्वास्थ्य एवं हाइजीन, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन, भ्रष्टाचार रोकथाम, नागरिक सहायता एवं सेवा भावना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता** जैसे महत्वपूर्ण विषयों को फोकस एरिया के रूप में निर्धारित किया गया है, जिन पर प्रदेश के समस्त सदस्यों द्वारा योजनाबद्ध एवं प्रभावी रूप से कार्य किया जाना है।

इसके अतिरिक्त, **"ब्लड डोनर डायरेक्टरी"** का शुभारम्भ भी किया गया है, जिसका उद्देश्य आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र रक्त उपलब्ध कराना तथा मानव सेवा के इस पुनीत कार्य को और अधिक सशक्त बनाना है। मैं प्रदेश के सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं पदाधिकारियों से इस अभियान में अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित कराने का आह्वान करता हूँ, ताकि यह पहल जनसेवा का एक प्रभावी माध्यम बन सके।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग, समर्पण एवं सतत प्रयासों से सत्र 2026-27 में हम नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगे तथा स्काउटिंग-गाइडिंग आन्दोलन को प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय एवं युवा तक पहुँचाने में सफल होंगे।

आइए, हम सभी सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करते हुए एक विकसित, स्वच्छ, सुरक्षित एवं संवेदनशील उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(डॉ० प्रभात कुमार)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश**

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## 13वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 8 से 12 अप्रैल 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 13वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, पर्वतीय भ्रमण तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लिया । कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भविष्य में भी साहसिक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

## जिला मुख्यायुक्त एवं जिला सचिव की एक दिवसीय बैठक

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में 22 अप्रैल 2026 को पायनियर मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज, विकास नगर, लखनऊ में प्रदेश के समस्त जनपदों के जिला मुख्यायुक्त एवं जिला सचिवों की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य स्काउट-गाइड गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना को प्रभावी रूप से अंतिम रूप देना था। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों ने अपने-अपने जनपदों में संचालित गतिविधियों, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। साथ ही सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेवा गतिविधियों, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान सभी जनपदों को समयबद्ध कार्ययोजना के अनुरूप गतिविधियों के संचालन, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, नवाचारों को प्रोत्साहन तथा युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। अंत में संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने हेतु सामूहिक सहयोग, समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।




## जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/ गाइड) की दो दिवसीय कार्यशाला






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में 23 से 24 अप्रैल 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिला संगठन आयुक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संगठनात्मक विषयों पर गहन चर्चा एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को नवीन प्रशिक्षण पद्धतियों, संगठनात्मक रणनीतियों, नेतृत्व विकास, सदस्यता विस्तार, सेवा गतिविधियों, कार्यक्रम प्रबंधन तथा व्यवहारिक अभ्यासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने-अपने जनपदों में स्काउट-गाइड आंदोलन को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। कार्यशाला में प्रादेशिक मुख्यालय की वार्षिक कार्ययोजना, समयबद्ध कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण, युवा नेतृत्व विकास तथा संगठनात्मक समन्वय को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव एवं नवाचार साझा किए तथा स्काउट-गाइड गतिविधियों को जनपद स्तर पर नई गति प्रदान करने, अधिकाधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने एवं सेवा, अनुशासन तथा चरित्र निर्माण के मूल्यों को समाज में सशक्त रूप से स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## बेसिक कोर्स फॉर कब मास्टर/ फ्लाक लीडर, स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टेन, रोवर लीडर/ रेंजर लीडर



भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 20 से 26 अप्रैल 2026 तक प्रादेशिक एडवेंचर एवं प्रशिक्षण केंद्र, शीतलाखेत, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) में कब मास्टर/फ्लॉक लीडर, स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन तथा रोवर लीडर/रेंजर लीडर के लिए सात दिवसीय बेसिक कोर्स का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्काउट-गाइड पद्धति, प्रशिक्षण तकनीक, नेतृत्व विकास, टोली प्रणाली, कार्यक्रम नियोजन, कैंप क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, सेवा कार्य, प्रकृति अध्ययन तथा साहसिक गतिविधियों का व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यूनिट लीडर्स को दक्ष, अनुशासित एवं प्रभावी नेतृत्व के लिए तैयार करना था, जिससे वे अपने-अपने जनपदों एवं संस्थाओं में स्काउट-गाइड गतिविधियों का गुणवत्तापूर्ण संचालन कर सकें। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस प्रशिक्षण ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, टीम भावना, सेवा, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 14वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 26 से 30 अप्रैल 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 14वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, पर्वतीय भ्रमण, प्रकृति अध्ययन तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। प्राकृतिक एवं रमणीय वातावरण में आयोजित इस प्रशिक्षण ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, सहयोग एवं सामुदायिक जीवन के व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भविष्य में भी साहसिक गतिविधियों, सेवा कार्यों तथा राष्ट्र निर्माण के अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।



## 15वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम



भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 3 से 7 मई 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 15वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, पर्वतीय भ्रमण, प्रकृति अध्ययन तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों में साहस, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना तथा कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना था। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस एडवेंचर प्रोग्राम ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, सहयोग एवं सामुदायिक जीवन के व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भविष्य में भी साहसिक गतिविधियों, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## 16वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 10 से 14 मई 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 16वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, पर्वतारोहण अभ्यास, प्रकृति अध्ययन तथा अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में साहस, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता का विकास करना था। प्राकृतिक एवं शांत वातावरण में आयोजित इस प्रशिक्षण ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, सहयोग तथा सामुदायिक जीवन के व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किए।


## 17वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा 16 से 20 मई 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 17वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के सान्निध्य में रहकर साहसिक जीवन, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व के व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने पर्वतीय परिस्थितियों में ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, नेचर स्टडी, कैंप क्राफ्ट तथा टीम आधारित साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण के माध्यम से कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, जोखिम प्रबंधन, सामूहिक नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवा भावना जैसे गुणों का विकास किया गया।





## UP SCPUTS – CARE के अंतर्गत 'ब्लड डोनर डायरेक्टरी' का शुभारम्भ






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यालय, महानगर, लखनऊ में 21 मई 2026 को प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के करकमलों द्वारा **'उत्तर प्रदेश- स्काउट्स केयर'** कार्यक्रम के अंतर्गत **'ब्लड डोनर डायरेक्ट्री'** निर्माण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी अवसर पर **'उत्तर प्रदेश- स्काउट्स केयर'** के आधिकारिक लोगो का भी लोकार्पण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनपद स्तर पर इच्छुक एवं पात्र स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, यूनिट लीडर्स तथा अन्य युवाओं का एक सशक्त रक्तदाता डेटाबेस तैयार करना है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों, दुर्घटनाओं तथा दुर्लभ रक्त समूह वाले मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदाताओं का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से प्रारंभ किया गया। प्रादेशिक मुख्यायुक्त ने सभी जिला संस्थाओं से इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा अधिकाधिक पात्र युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और समय पर उपलब्ध एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा कर सकता है। इस अवसर पर स्काउट-गाइड आंदोलन की सेवा परंपरा को और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने तथा मानव जीवन की रक्षा हेतु स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर विशेष बल दिया गया। यह पहल समाजहित एवं मानवीय सेवा के क्षेत्र में संस्था का एक दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी प्रयास है।

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## 18वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 21 से 25 मई 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 18वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्वतीय जीवन एवं साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, ओरिएंटियरिंग, कैंप क्राफ्ट, प्रकृति अध्ययन तथा टीम आधारित गतिविधियों में सहभागिता की।

## 19वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम

**19वाँ स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम रोमांच एवं नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम बना** भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 27 से 31 मई 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 19वें स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्वतीय वातावरण में विविध साहसिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता एवं सामुदायिक जीवन के मूल्यों को भी व्यवहारिक रूप से आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया।






## 20वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 4 से 8 जून 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 20वें प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साहसिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विविध गतिविधियों में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, कैंप क्राफ्ट, ओरिएंटियरिंग, प्रकृति अध्ययन तथा समूह आधारित अभ्यासों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना, धैर्य तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावी निर्णय लेने की योग्यता का विकास किया।

## 21वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 8 से 12 जून 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 21वें प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्वतीय परिवेश में विविध साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, नेचर स्टडी, ओरिएंटियरिंग, कैंप क्राफ्ट तथा टीम आधारित अभ्यासों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग की भावना, समस्या समाधान तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता का विकास हुआ। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता एवं सामुदायिक जीवन के मूल्यों को भी सुदृढ़ किया।






# प्रादेशिक कार्यक्रम

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में उत्कर्ष सेवा देने वाले रोवर/ रेंजर सम्मानित





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के सफल निर्देशन में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – अटूट आस्था यात्रा** में प्रत्येक मंडल से चयनित एक रोवर एवं एक रेंजर ने स्वयंसेवक के रूप में सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। यात्रियों की सहायता, व्यवस्था संचालन तथा सेवा कार्यों में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए संस्कृति विभाग के निदेशक एवं जन सूचना एवं संपर्क विभाग के निदेशक श्री विशाल सिंह, आई.ए.एस. द्वारा सभी स्वयंसेवी रोवर-रेंजर को प्रशस्ति-पत्र एवं टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट-गाइड के सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें **'संस्कृति मित्र'** की संज्ञा दी तथा भविष्य में संस्कृति विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों में स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों की सहभागिता बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। सम्मान समारोह में प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत के निर्देशन में प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती रविंद्र कौर सोखी एवं प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती पूनम संधू ने प्रतिभाग कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के दिशा-निर्देशन में हलुआपुर, लखनऊ स्थित प्रादेशिक मुख्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रादेशिक मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञों द्वारा नियमित योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनावमुक्त जीवन जीने तथा दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने का संकल्प लिया गया। प्रतिभागियों ने योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित एवं अनुशासित जीवन की प्रभावी पद्धति बताते हुए समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश ने सेवा, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया।






## 22वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम




भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 18 से 22 जून 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 22वें प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साहसिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी विविध गतिविधियों में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, ओरिएंटियरिंग, कैंप क्राफ्ट, प्रकृति अध्ययन तथा टीम आधारित अभ्यासों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग की भावना, समय प्रबंधन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता का विकास हुआ। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक जीवन, आत्मनिर्भरता एवं सेवा भावना के मूल्यों को भी सुदृढ़ किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्काउट-गाइड आंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।

## प्रादेशिक कार्यक्रम

### 23वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम



भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 22 से 26 जून 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 23वें प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साहसिक प्रशिक्षण एवं प्रकृति आधारित गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, कैंप क्राफ्ट, नेचर वॉक, ओरिएंटियरिंग तथा समूह आधारित नेतृत्व गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता का विकास हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्राप्त अनुभवों को अपने-अपने जनपदों में साझा करने तथा अधिकाधिक युवाओं को स्काउट-गाइड की साहसिक एवं सेवा गतिविधियों से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

### 24वां प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 26 से 30 जून 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखंड) में 24वें प्रादेशिक एडवेंचर प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने प्रकृति की गोद में रहकर साहसिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा विविध एडवेंचर गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, कैंप क्राफ्ट, नेचर स्टडी, पर्वतीय जीवन कौशल एवं टीम आधारित गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामूहिक कार्यशैली तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की योग्यता को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना एवं आत्मनिर्भरता के मूल्यों को भी व्यवहारिक रूप से विकसित किया गया।





# जनपदीय कार्यक्रम

## आजमगढ़ मण्डल

### जनपद – आजमगढ़






प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के प्रेरणादायी निर्देशन में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, आज़मगढ़ द्वारा 22 मई 2026 को भीषण गर्मी के बीच निःशुल्क पेयजल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिला मुख्यायुक्त श्री अमर नाथ राय (उप शिक्षा निदेशक) एवं श्री अजय कुमार सिंह (सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक) ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने इसे भारतीय संस्कृति की सेवा-परम्परा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए संगठन की जनसेवा भावना की सराहना की। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री शैलेश प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव श्री सुभाष चन्द्र गौड़ ने किया। शिविर में राहगीरों, विद्यार्थियों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य ने समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवता का प्रेरक संदेश प्रसारित किया।

### जनपद – मऊ

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, मऊ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश देना था। स्काउट एवं गाइड सदस्यों, पदाधिकारियों तथा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण के लिए प्रत्येक नागरिक का वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल में सक्रिय योगदान आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।





## आगरा मण्डल

### जनपद – आगरा





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, आगरा की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, प्रार्थना एवं पदाधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। बैठक का संचालन जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने किया। बैठक में पंजीकरण, नवीनीकरण, संबद्धता शुल्क, 10 प्रतिशत अंशदान तथा प्रदेश मुख्यालय से समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। सीबीएसई विद्यालयों में स्काउट-गाइड दल गठन, सत्र 2026–27 की संगठनात्मक एवं प्रशिक्षण कार्ययोजना, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता, जनपदीय युवा संगम स्किल प्रतियोगिता तथा डी.एल.एड. प्रशिक्षण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रस्तावित बजट, जिला स्काउट भवन के निर्माण एवं मरम्मत तथा आगामी जनपदीय रैली की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मुख्यायुक्त डॉ. अनिल वशिष्ठ ने सभी पदाधिकारियों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए संगठन की गतिविधियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने एडवेंचर गतिविधियों में अधिकाधिक सहभागिता एवं स्काउट भवन निर्माण में सहयोग की भी अपील की। बैठक में जनपद के अनेक पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं स्काउट-गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – मैनपुरी







भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, मैनपुरी द्वारा विशेष बैठक का आयोजन किया गया इस अवसर पर आगरा मंडल की सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती गुंजन चौधरी के जनपद में प्रथम आगमन पर स्काउट भवन में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही फिरोजाबाद से पधारे जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री कोमल तोमर का भी प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। बैठक के दौरान जिला संस्था की विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। पंजीकरण, नवीनीकरण, प्रादेशिक संस्था को भेजे जाने वाले 10 प्रतिशत अंशदान, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सोपान परीक्षाएँ, राज्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार, तथा आगामी एडवेंचर शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने जिला संस्था के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने संगठन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में जिला संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं स्काउट-गाइड कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जनपद – मथुरा



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, मथुरा के तत्वावधान में 7 से 13 अप्रैल 2026 तक बेसिक एवं एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में जनपद के 71 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का संचालन अनुभवी लीडर ऑफ द कोर्स एवं प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड की कार्यपद्धति, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना तथा संगठनात्मक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वेटेरिनरी विश्वविद्यालय, मथुरा के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री रतन कीर्ति तथा खंड शिक्षा अधिकारी श्री कैलाश प्रसाद शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर की सफलता में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती प्रीति, जिला मुख्यायुक्त डॉ. कमल कौशिक तथा जिला संस्था मथुरा के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## जनपद – फिरोजाबाद





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, फिरोजाबाद द्वारा जिला मुख्य आयुक्त श्री धीरेंद्र कुमार के निर्देशन एवं जिला सचिव डॉ. सहदेव सिंह चौहान की अध्यक्षता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उरमुरा हरिनगर (शिकोहाबाद) में सड़क सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने के महत्व पर विशेष जागरूकता प्रदान की गई। इस अवसर पर आम नागरिकों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती गुंजन चौधरी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उन्होंने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं स्काउट-गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

# जनपदीय कार्यक्रम

## मेरठ मण्डल

### जनपद – मेरठ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, मेरठ द्वारा 24 जनवरी 2026 को स्काउट भवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद के 11 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ध्वज शिष्टाचार के साथ प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में प्यारेलाल शर्मा जिला चिकित्सालय की डॉ. विनीता शर्मा ने बालिका पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. विभा नागर ने किशोरावस्था, मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। जिला कोषाध्यक्ष डॉ. अंशु श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला संस्था के पदाधिकारियों, प्रशिक्षण आयुक्तों, संगठन आयुक्तों तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण का प्रेरक संदेश दिया गया।

### जनपद – हापुड़





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, हापुड़ द्वारा 13 मई 2026 को श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह एवं राज्यपाल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीणा तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. श्वेता पुठिया रहीं। अतिथियों ने 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबिली जम्बूरी, लखनऊ के प्रतिभागियों तथा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने स्काउट-गाइड आंदोलन को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व क्षमता के विकास का प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्यायुक्त श्रीमती पारुल त्यागी ने बताया कि जनपद के 48 स्काउट-गाइड ने राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रतिभाग किया तथा 74 स्काउट-गाइड राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए। इस अवसर पर मार्चपास्ट, तंबू निर्माण, मीनार निर्माण एवं लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। समारोह में संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण अधिकारियों को भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जनपद – गौतमबुद्ध नगर






भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, गौतम बुद्ध नगर के अंतर्गत रयान इंटरनेशनल स्कूल के स्काउट एवं गाइड द्वारा तंबाकू निषेध विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। इसके उपरांत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्काउट-गाइड सदस्यों ने तंबाकू मुक्त समाज का संदेश देते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तंबाकू एवं अन्य नशे की लत से दूर रहने का संकल्प भी लिया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – गाज़ियाबाद





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, गाजियाबाद द्वारा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालयों, शिक्षकों, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड तथा राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने स्काउटिंग को चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्रसेवा का प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को सेवा एवं अनुशासन के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह में राष्ट्रीय जम्बूरी एवं शीतलाखेत एडवेंचर कैंप की झलकियाँ प्रस्तुत की गई तथा प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला संस्था ने वर्षभर की उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना से भी सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं स्काउट-गाइड सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## जनपद – बागपत





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, बागपत के प्रतिनिधिमंडल ने एडल्ट रिसोर्स आयुक्त डॉ. सत्यवीर सिंह, जिला संगठन आयुक्त अशोक बंधु भारद्वाज एवं जिला ट्रेनिंग काउंसलर वंशम पंवार के नेतृत्व में एआरटीओ श्री विपिन कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्हें स्कार्फ पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में स्काउट-गाइड की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला संस्था ने परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा अभियानों, जागरूकता कार्यक्रमों एवं जनहित गतिविधियों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। दोनों पक्षों ने युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## जनपद – बुलंदशहर





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, बुलंदशहर द्वारा अप्रैल से जून 2026 के दौरान प्रशिक्षण, सेवा एवं जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अवधि में आपदा प्रबंधन जागरूकता, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, बिगिनर्स कोर्स तथा विद्यार्थियों के लिए स्काउटिंग एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित कर मानव सेवा का प्रेरक संदेश दिया गया। सभी कार्यक्रम जिला मुख्यायुक्त डॉ. नरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए। जिला संस्था के पदाधिकारियों, यूनिट लीडर्स, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स की सक्रिय सहभागिता से जनपद में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए।

# जनपदीय कार्यक्रम

## प्रयागराज मण्डल

### जनपद – प्रयागराज



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, प्रयागराज के नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त डॉ. संतोष कुमार राय से जनपद के स्काउट मास्टर्स एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट्स ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री वेद प्रकाश भगत, श्री नन्द जी यादव, श्री दिलीप कुमार एवं श्री राजीव रंजन पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने जिला मुख्यायुक्त का स्वागत करते हुए जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार राय ने स्काउटिंग को विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास का प्रभावी माध्यम बताते हुए संगठन की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनपद प्रयागराज स्काउट-गाइड आंदोलन में नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। यह शिष्टाचार भेंट संगठन के प्रति नई ऊर्जा एवं उत्साह का प्रतीक रही।

### जनपद – प्रतापगढ़





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, प्रतापगढ़ द्वारा भीषण गर्मी के बीच भगवा चुंगी चौराहा पर जल सेवा अभियान चलाया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर मानव सेवा का प्रेरक संदेश दिया गया। अभियान में जिला आयुक्त (स्काउट) श्री प्रमोद कुमार तिवारी, जिला सचिव डॉ. राघवेन्द्र पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राजाराम यादव, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर श्री संजीव शर्मा तथा ट्रेनिंग काउंसलर श्री हिमांशु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर स्काउट-गाइड परिवार ने सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार करते हुए जनहित के कार्यों में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

### जनपद – फतेहपुर









भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, फतेहपुर द्वारा भीषण गर्मी के दौरान आमजन की सुविधा हेतु निःशुल्क पेयजल सेवा का संचालन किया गया। जिला संगठन आयुक्त श्री अतुल सिंह यादव के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड बच्चों ने पूरे उत्साह एवं सेवा भावना के साथ राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया। इस सेवा कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने मानव सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ स्काउट-गाइड की सेवा भावना को समाज तक पहुँचाना था। स्थानीय नागरिकों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए स्काउट-गाइड सदस्यों के समर्पण एवं अनुशासन की प्रशंसा की।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – कौशाम्भी



राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले स्काउट-गाइड प्रतिभागियों के सम्मान में कौशाम्बी जनपद में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित करते हुए सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना के साथ आगे भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, कौशाम्बी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में जिला मुख्यायुक्त श्री राजेश कुमार एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री श्याम बाबू ने जम्बूरी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय जम्बूरी में प्राप्त अनुभवों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताते हुए स्काउट-गाइड गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। समारोह में स्काउट-गाइड सदस्य, पदाधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बस्ती मण्डल

## जनपद – संतकबीर नगर





जिला परिषद की बैठक एवं जम्बूरी तथा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन 12 मई 2026 को जिलाधिकारी सभागार, संत कबीर नगर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्काउट प्रार्थना से हुआ तथा बैठक में जनपद की संगठनात्मक गतिविधियों, दल पंजीकरण, नवीनीकरण, सीबीएसई विद्यालयों में स्काउट-गाइड विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, संत कबीर नगर द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष ने की। उन्होंने स्काउट भवन के मरम्मत कार्य हेतु आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइडों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती सुषमा यादव ने प्रादेशिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए वार्षिक पुस्तिका भेंट की। कार्यक्रम में जिला मुख्यायुक्त, जिला सचिव, विभिन्न पदाधिकारी, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर-रेंजर तथा बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

## जनपद – सिद्धार्थ नगर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को सिद्धार्थनगर के टेकघर मंदिर परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज माननीय श्री जगदंबिका पाल एवं जिलाधिकारी श्री शिवशरणअप्पा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, सिद्धार्थनगर के स्काउट-गाइड काउंसलरों एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए पौधरोपण अभियान को सफल बनाया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अरुण कुमार के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना था। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।





# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – बस्ती





ज्येष्ठ मंगलवार के पावन अवसर पर 2 जून 2026 को स्काउट भवन, गाँधीनगर (बस्ती) परिसर में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ धार्मिक एवं जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हनुमान जी की स्तुति एवं पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को लड्डू एवं केले का प्रसाद वितरित किया गया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, बस्ती द्वारा आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में राहगीरों एवं आमजन के लिए भोजन प्रसाद के रूप में छोला, पूड़ी एवं चावल वितरित किए गए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर स्काउट-गाइड सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना का परिचय देते हुए जनहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने समाज में सेवा, सद्भाव एवं परोपकार का प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया।

# मिर्ज़ापुर मण्डल

## जनपद – मिर्ज़ापुर





राज्य पुरस्कार जांच शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद मिर्जापुर के आठ स्काउट राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हुए। इस उपलब्धि पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मिर्जापुर में सम्मान समारोह आयोजित कर चयनित स्काउट्स का उत्साहवर्धन किया गया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, मिर्जापुर के तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार वर्मा ने की। उन्होंने चयनित स्काउट्स को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सम्मानित प्रतिभागियों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चेतगंज, कोन के छह तथा डैफोडिल पब्लिक स्कूल के दो स्काउट शामिल रहे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेश प्रजापति, जिला आयुक्त श्री बेचन सिंह सहित जिला संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं स्काउट-गाइड सदस्य उपस्थित रहे। समारोह ने प्रतिभागियों में सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## जनपद – भदोही

भीषण गर्मी के बीच भदोही जनपद में विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क जल सेवा शिविरों का संचालन कर राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के छठे दिन ज्ञान देवी इंटर कॉलेज, भदोही में आयोजित शिविर का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने जल सेवा का लाभ प्राप्त किया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, भदोही द्वारा प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन एवं जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अंशुमन के नेतृत्व में यह सेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्काउट-गाइड सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए जल सेवा को मानवता का श्रेष्ठ कार्य बताया। शिविर में स्काउट-गाइड सदस्यों ने समर्पित भाव से सेवा प्रदान की, जबकि स्थानीय दानदाताओं के सहयोग से शीतल पेय, रूह अफ़ज़ा एवं अन्य पेय पदार्थ भी वितरित किए गए। यह अभियान सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण बन रहा है।





# जनपदीय कार्यक्रम

## चित्रकूट मण्डल

### जनपद – चित्रकूट





पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्वी (चित्रकूट) में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोवर-रेंजरों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, चित्रकूट द्वारा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री ललित कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू की प्रोफेसर डॉ. रीना कुमारी ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में रोवर-रेंजरों ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का आधार भी हैं। कार्यक्रम ने युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करने का प्रेरक संदेश दिया।

### जनपद – बाँदा





बांदा में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, बांदा ने जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से 11 जून 2026 को केन पथ, बांदा में राज्य स्तरीय दैवी आपदा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्काउट-गाइड सदस्यों ने बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया।

### जनपद – हमीरपुर






हमीरपुर में बाढ़ राहत मॉक ड्रिल प्रशिक्षण में स्काउट-गाइड की सक्रिय सहभागिता बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 11 जून 2026 को राजकीय महाविद्यालय, कुछेछा (हमीरपुर) में राज्य स्तरीय बाढ़ राहत मॉक ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्काउट-गाइड सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, हमीरपुर ने जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष श्री अभिषेक गोयल के निर्देशन तथा जिला मुख्यायुक्त श्री महेश कुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री मुकेश खरवार के नेतृत्व में प्रशिक्षण में सहभागिता की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री शिवप्रताप सिंह, जिला सचिव श्री रामनारायण वर्मा तथा जिला संस्था के पदाधिकारियों, स्काउट मास्टर्स एवं गाइड कैप्टनों ने आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त कर आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी राहत कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जनपदीय कार्यक्रम

## कानपुर मण्डल

### जनपद – कानपुर नगर






12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, कानपुर के स्काउट-गाइड छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता निभाई। माननीय सांसद, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती अक्षता प्रजापति, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती प्रीति तिवारी, श्रीमती ऊषा देवी एवं स्काउट मास्टर श्री स्वतंत्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ-साथ "स्वस्थ भारत" के संकल्प को भी सशक्त बनाने का संदेश दिया।

### जनपद – इटावा



इटावा में जिला कार्यकारिणी एवं वित्त समिति की बैठक सम्पन्न संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 14 अप्रैल 2026 को सनातन धर्म इंटर कॉलेज, इटावा के सभागार में जिला कार्यकारिणी एवं वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत वित्तीय वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र 2026–27 की कार्ययोजना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा संगठनात्मक लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, इटावा द्वारा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल श्री मयंक शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में गुणवत्ता आधारित कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं शीतलाखेत स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र में आयोजित शिविरों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक के उपरांत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला संस्था के पदाधिकारी, वित्त समिति के सदस्य तथा विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जनपद – कन्नौज




राष्ट्रीय जम्बूरी एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु हीरालाल वी.एन. इंटर कॉलेज में सम्मान एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हुए भविष्य में भी सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था कन्नौज द्वारा आयोजित इस समारोह में जिला मुख्यायुक्त श्री राधावल्लभ मिश्र, संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती अक्षता प्रजापति ने जम्बूरी एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अतिथियों ने स्काउटिंग को व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा उन्हें संगठन की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उत्साह एवं गौरवपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – फर्रुखाबाद





12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम, फतेहगढ़ (फर्रुखाबाद) में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, फर्रुखाबाद के स्काउट-गाइड छात्र-छात्राओं ने अनुशासित ढंग से योगाभ्यास कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला तथा सांसद श्री मुकेश राजपूत सहित अनेक प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला मुख्यायुक्त श्री दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव श्री महेश चंद्र राजपूत सहित जिला संस्था के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। सभी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## जनपद – कानपुर देहात

जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिकार पत्र प्रदान किया गया संगठनात्मक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन एवं स्काउट-गाइड गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कानपुर देहात के जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिकार पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संगठन के उद्देश्यों, सेवा भावना एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, कानपुर देहात के अंतर्गत आयोजित इस अवसर पर संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री मयंक शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिकार पत्र प्रदान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण एवं सेवा कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन होगा। कार्यक्रम में जिला संस्था के पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।






# देवीपाटन मण्डल

## जनपद – श्रावस्ती









श्रावस्ती में जल प्याऊ सेवा से सैकड़ों राहगीरों को मिली राहत भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जगत जीत इंटर कॉलेज, इकौना स्थित बस स्टैंड पर निःशुल्क जल प्याऊ सेवा का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित इस सेवा अभियान के दौरान लगभग 780 राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ पूरे दिन जल वितरण कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था, श्रावस्ती के तत्वावधान में राणा प्रताप स्काउट दल एवं रानी लक्ष्मीबाई कंपनी यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वज वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री राम बिहारी वाजपेई, जिला सचिव श्री कामाख्या पाठक, युवा स्काउट लीडर श्री हनुमान प्रसाद सहित स्काउट-गाइड सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन के आदर्श **"सेवा परमो धर्म"** को चरितार्थ करते हुए समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता का प्रेरक संदेश दिया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## सहारनपुर मण्डल

### जनपद – मुज़फ्फरनगर






भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था मुजफ्फरनगर द्वारा 5 जून 2026 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह परिसर, मुजफ्फरनगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा स्काउट-गाइड सदस्यों को सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला संस्था के पदाधिकारी, स्काउट-गाइड अधिकारी, शिक्षकगण एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में प्रादेशिक एडवेंचर एवं ट्रैकिंग कैंप में प्रतिभाग करने वाले स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा भावना का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### जनपद – शामली





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था शामली द्वारा 21 जून 2026 को जनपद कार्यालय, लिलौन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सचिव के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्काउट-गाइड पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती गायत्री देवी, जिला संगठन आयुक्त श्रीमती गीता रानी, गाइड कैप्टन पुरंधि सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम **'स्वस्थ आयु के लिए योग'** के अनुरूप प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम ने योग के माध्यम से स्वस्थ, सशक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण का प्रेरक संदेश दिया।

### जनपद – सहारनपुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के सहयोग से मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, सहारनपुर में आयोजित पाँच दिवसीय **निपुण रेंजर शिविर** का समापन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना, टीम भावना तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता का विकास करना था। पाँच दिनों तक आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में रेंजर्स ने स्काउट-गाइड पद्धति के माध्यम से व्यावहारिक एवं जीवनोपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल ने प्रतिभागी छात्राओं की अनुशासित एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व के गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्र सेवा, समाज कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। शिविर प्रशिक्षक एवं जिला संगठन कमिश्नर श्रीमती ऊषा तोमर ने प्रतिभागियों को टेंट निर्माण, पुल एवं टावर निर्माण, गांठ-बन्धन, आपदा प्रबंधन तथा कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने की उपयोगी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। रेंजर प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति यादव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं का सतत मार्गदर्शन करते हुए उन्हें टीमवर्क, अनुशासन, स्वच्छता, समय प्रबंधन एवं सेवा भावना को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के अनुभव साझा किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# जनपदीय कार्यक्रम

## लखनऊ मण्डल

### जनपद – हरदोई





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था हरदोई के तत्वावधान में पंडित श्रीराम बाजपेई स्काउट भवन, राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में पाँच दिवसीय **तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर** का सफल शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्देश्य स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना रहा। शिविर का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री बालमुकुंद प्रसाद के मार्गदर्शन तथा जिला सचिव श्री रमेश चंद्र वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस पर ध्वज शिष्टाचार, टोली गठन, परिचय सत्र तथा प्रवेश पाठ्यक्रम की जांच आयोजित की गई। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड की नियम-प्रतिज्ञा, सेवा भावना एवं संगठनात्मक मूल्यों से परिचित कराया गया। शिविर के दौरान प्राथमिक उपचार, पायनियरिंग, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज सेवा से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए, जिन्होंने प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जनपद – लखीमपुर खीरी





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था लखीमपुर खीरी के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, तिकुनिया की गाइड टीम द्वारा 19 मई 2026 को तिकुनिया रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क शरबत वितरण सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्री बचन लाल, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. मधु बाजपेई तथा सहायक अध्यापक श्री अजय मित्तल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, श्रमिकों एवं आमजन को शीतल शरबत वितरित कर राहत प्रदान की गई। सेवा कार्य के दौरान गाइड छात्राओं ने अनुशासन, विनम्रता एवं समर्पण का परिचय देते हुए प्रत्येक आगंतुक का आत्मीय भाव से स्वागत किया तथा सेवा के माध्यम से मानवता का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने छात्राओं को सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्काउट-गाइड आंदोलन के मूल सिद्धांत—**सेवा, सहयोग, अनुशासन और परोपकार**—को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस सेवा अभियान ने न केवल यात्रियों को गर्मी से राहत प्रदान की, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता, टीम भावना एवं जनसेवा के संस्कारों को भी सुदृढ़ किया। यह आयोजन समाज सेवा के क्षेत्र में स्काउट-गाइड की सक्रिय एवं प्रेरणादायी भूमिका का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

### जनपद – लखनऊ









विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था लखनऊ के स्काउट-गाइड सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के वृक्षारोपण अभियान में स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों ने सहयोग प्रदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड सदस्यों ने अनुशासित एवं सेवा भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया तथा वृक्षारोपण के महत्व को समाज के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित उत्तर प्रदेश एवं सतत विकास के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ने स्काउट-गाइड संगठन की सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को पुनः सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## मुरादाबाद मण्डल

### जनपद – मुरादाबाद





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था मुरादाबाद के लिए गौरवपूर्ण क्षण उस समय आया, जब 13 मई 2026 को आयोजित **'समर्पण सम्मान समारोह'** में संस्था के 60 स्काउट-गाइड कैडेट्स को उनकी देशभक्ति, अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्र समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। पंचायत भवन में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान महामहिम राज्यपाल ने जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती मोनिका एवं गाइड कैप्टन तूबा को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्काउट-गाइड आंदोलन द्वारा युवाओं में विकसित किए जा रहे अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। समारोह में स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट्स एवं सैनिक परिवारों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुरादाबाद जिला संस्था की सक्रिय कार्यशैली तथा स्काउट-गाइड आंदोलन की समाज में बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक बना।

### जनपद – रामपुर









विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था रामपुर द्वारा जिला कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए समाज को प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री बृजेश कुमार, जिला सचिव श्री ओम प्रकाश सैनी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री जीतू कुमार, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती नरवंत कौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री प्रेमपाल सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती जमाल फात्मा, स्काउट मास्टर श्री राहुल जैन, रेंजर लीडर अतीबा सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संदेश दिया।

### जनपद – बिजनौर









भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था बिजनौर के नव नियुक्त जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार सक्सेना का स्काउट-गाइड पदाधिकारियों द्वारा गरिमापूर्ण स्वागत एवं शिष्टाचार भेंट के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सचिन कसाना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री अशोक कुमार ने श्री सक्सेना को स्काउट स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया, जबकि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट), मंडल मुरादाबाद श्री बृजेश कुमार ने संस्था की वार्षिक गतिविधि पुस्तिका (2026–27) भेंट की। पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर नव नियुक्त जिला मुख्यायुक्त को अधिकार पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला आयुक्त (स्काउट) श्री धर्मवीर सिंह, जिला सचिव श्री कैलाश चंद्र, जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट) श्री सत्यपाल सिंह मलिक एवं जिला स्काउट मास्टर श्री अशोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों के विस्तार एवं प्रभावी संचालन पर भी सार्थक विचार-विमर्श किया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – संभल





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था संभल द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों एवं आमजन की सुविधा के लिए **जल सेवा शिविर** का आयोजन किया गया। शिविर में स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने उत्साह एवं सेवा भावना के साथ यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया तथा मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग एवं समर्पण का परिचय देते हुए स्काउट-गाइड के आदर्शों को व्यवहार में उतारा। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, परोपकार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश जनसामान्य तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाजोपयोगी एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन स्काउट-गाइड आंदोलन की सेवा परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

# अयोध्या मण्डल

## जनपद – सुल्तानपुर






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था सुलतानपुर द्वारा 21 जून 2026 को पर्यावरण पार्क में 12वें विश्व योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष/जिलाधिकारी श्री इंद्रजीत सिंह, जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन तथा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री गौरव सिंह के नेतृत्व में हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 100 रोवर-रेंजर, स्काउट-गाइड एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) कु. कुसुम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक स्काउट मास्टर श्री राम निरंजन सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी, प्रशिक्षण काउंसलर एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से नियमित योग, स्वस्थ जीवनशैली एवं शारीरिक-मानसिक संतुलन के महत्व पर बल दिया गया तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का सामूहिक संकल्प व्यक्त किया गया।

## जनपद – बाराबंकी

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था बाराबंकी द्वारा जिला मुख्यायुक्त डॉ. रामकुमार गिरि के कुशल निर्देशन में डायट, बाराबंकी परिसर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम **'Yoga for Healthy Ageing'** के अनुरूप स्काउट-गाइड सदस्यों एवं प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, शारीरिक सुदृढ़ता तथा सकारात्मक सोच का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प व्यक्त किया। आयोजन के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासित जीवनशैली एवं योग के महत्व को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया गया। यह आयोजन भारत स्काउट एवं गाइड के सेवा, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।









# जनपदीय कार्यक्रम

## वाराणसी मण्डल

### जनपद – वाराणसी





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था वाराणसी द्वारा 21 जून 2026 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त (स्काउट/गाइड) श्री भोलेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा जिला सचिव डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री विष्णु विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों, स्काउट-गाइड पदाधिकारियों तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती रामेश्वरी वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री उमेश कुमार केसरी सहित अनेक स्काउटर-गाइडर एवं प्रशिक्षण काउंसलरों ने सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

### जनपद – गाजीपुर



भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था गाजीपुर द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला आयुक्त (स्काउट), जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), जिला सचिव, प्रशिक्षण काउंसलरों सहित एनसीसी एवं एनएसएस के प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन तथा शारीरिक सुदृढ़ता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने नियमित योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम ने अनुशासन, सामूहिकता एवं सेवा भावना के साथ स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया तथा युवाओं को स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित किया।

### जनपद – चंदौली







भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था चंदौली द्वारा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज के सहयोग से स्थानीय मुख्यालय पर निःशुल्क जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन का मूल आधार सेवा है तथा भीषण गर्मी में प्यासे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने स्काउट-गाइड कैडेट्स से आमजन को लू एवं गर्मी से बचाव के प्रति भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री जय प्रकाश दक्ष, जिला सचिव श्री वीरेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सैय्यद अली अंसारी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) कु. अंजू सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे। सेवा शिविर के माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया तथा सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## गोरखपुर मण्डल

### जनपद – गोरखपुर



भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रादेशिक संगठन कमिश्नर श्री मयंक शर्मा एवं गोरखपुर मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मोहित कुमार ने जनपद गोरखपुर के जिलाधिकारी एवं भारत स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष श्री दीपक मीणा (आई.ए.एस.) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम पत्रिका भेंट करते हुए जनपद में संचालित स्काउट-गाइड गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार तथा सेवा कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान स्काउट-गाइड आंदोलन को अधिक प्रभावी एवं जनपयोगी बनाने, विद्यालयों में गतिविधियों के विस्तार तथा युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवा भावना के विकास हेतु आवश्यक सुझावों पर विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी ने स्काउट-गाइड द्वारा समाजोपयोगी कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी संगठन की गतिविधियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। यह शिष्टाचार भेंट जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों को नई गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

### जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था कुशीनगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक सुदृढ़ता का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का आधार है। आयोजन के माध्यम से स्काउट-गाइड संगठन के सेवा, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के मूल्यों के साथ स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण का प्रेरणादायी संदेश भी प्रसारित किया गया।




## बरेली मण्डल

### जनपद – पीलीभीत





**माँ गोमती अविरल धारा' अभियान में स्काउट- गाइड स्वयंसेवकों ने निभाई सक्रिय भूमिका**

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था पीलीभीत के स्वयंसेवकों ने 20 मई 2026 को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित **'माँ गोमती अविरल धारा'** अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उदयकरनपुर, पूरनपुर स्थित गोमती गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र सिंह तथा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद का कलर पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ भीषण गर्मी से राहत हेतु उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को मीठा शीतल जल वितरित कर जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट एवं जिला मुख्यायुक्त श्री विजय वर्धन तोमर के नेतृत्व तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती शालिनी पांडे के मार्गदर्शन में स्काउट-गाइड दल ने सहभागिता की। इस अवसर पर आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, प्रशिक्षक योगेश मौर्य सहित अनेक स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों ने सेवा कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## अलीगढ मण्डल

### जनपद – हाथरस





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ के निर्देशन में जिला संस्था हाथरस की जिला कार्यकारिणी बैठक श्री सूरजोबाई बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संत प्रकाश ने की। बैठक में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह ने गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में दलों के नवीनीकरण, संबंधता एवं अंशदान, राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु आवेदन, हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण, बेसिक एवं एडवांस कोर्स तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्रीमती नेहा कटियार ने शीतलाखेत स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया तथा जिला क्रीड़ा समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अंत में राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए माधुरी गौतम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के प्रधानाचार्यों, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



# विश्विद्यालय कार्यक्रम

## लखनऊ विश्विद्यालय, लखनऊ





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशन तथा प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार (से.नि. आई.ए.एस.) जी के मार्गदर्शन में 18 मई 2026 को लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में **रोवर्स एवं रेंजर्स लीडर्स** के लिए बिगनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की प्रेरणा से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने स्काउट-गाइड आंदोलन की मूल भावना, उद्देश्य, नियम-प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य एवं प्रगतिशील प्रशिक्षण योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कैंपिंग, सामुदायिक सेवा, कौशल विकास, प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत की गतिविधियों तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवसरों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मनीषा शुक्ला एवं डॉ. नीरज मिश्रा ने किया, जिसमें विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों से आए रोवर्स-रेंजर्स यूनिट लीडर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## माँ शाकुम्भरी विश्विद्यालय, सहारनपुर

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में रोवर-रेंजर गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मंडल श्री अमित कुमार तथा विश्वविद्यालय रोवर-रेंजर समन्वयक प्रो. सुषमा सैनी की विशेष उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव एवं वित्त अधिकारी के साथ आयोजित विचार-विमर्श में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर इकाइयों के प्रभावी संचालन, सदस्यता विस्तार, पंजीकरण एवं नवीनीकरण तथा युवाओं की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रोवर-रेंजर आंदोलन को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करने का संकल्प व्यक्त किया।








## चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय, मेरठ





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ मंडल श्री अमित कुमार, विश्वविद्यालय जनपद मुख्यायुक्त डॉ. दुष्यंत कुमार चौहान, कुलसचिव श्री अनिल कुमार यादव एवं वित्त अधिकारी श्री रमेश चंद्रा सहित विभिन्न जनपदों के स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर गतिविधियों के प्रभावी संचालन, सदस्यता पंजीकरण एवं नवीनीकरण, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा प्रादेशिक मुख्यालय की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री मयंक शर्मा ने चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न जनपदों के पदाधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए रोवर-रेंजर गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया।

# विश्विद्यालय कार्यक्रम

## जननायक चंद्रशेखर विश्विद्यालय, बलिया





प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के दिशा-निर्देशन में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री शैलेश प्रकाश ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल एवं कुलसचिव श्री सत्यनारायण पाल से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में रोवर-रेंजर इकाइयों के विस्तार, नियमित गतिविधियों के प्रभावी संचालन, छात्र-छात्राओं की अधिकतम सहभागिता तथा युवाओं के व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, चीफ कमिश्नर फैलोशिप तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण एवं सेवा कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा उनके प्रभावी संचालन के लिए हर संभव सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन प्रदान किया। यह बैठक विश्वविद्यालय स्तर पर स्काउट-गाइड आंदोलन को सुदृढ़ एवं अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुई।

## गुरु जम्भेश्वर विश्विद्यालय, मुरादाबाद

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री बृजेश कुमार द्वारा गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को विश्वविद्यालय जिला संस्था का संबद्धता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय को 6 जून 2026 को आधिकारिक मान्यता प्राप्त होने के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. सचिन महेश्वरी ने स्काउटिंग-गाइडिंग एवं रोवर-रेंजर गतिविधियों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये गतिविधियाँ युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, अनुशासन, राष्ट्रीय चरित्र एवं राष्ट्रभक्ति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में रोवर-रेंजर इकाइयों के गठन, सदस्यता पंजीकरण, प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन, युवाओं की सक्रिय सहभागिता तथा प्रादेशिक मुख्यालय की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं नोडल अधिकारी डॉ० प्रवीण कुमार ने स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर गतिविधियों के विस्तार के लिए पूर्ण सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन प्रदान किया।







## महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्विद्यालय, बरेली





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में रोवर-रेंजर गतिविधियों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बरेली मंडल कु. प्रीति, विश्वविद्यालय जनपद के मुख्यायुक्त डॉ. दीपक गंगवार, जिला संगठन आयुक्त श्री गौरव पाठक एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पुष्पकांत शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट कर प्रादेशिक अंशदान, सदस्यता पंजीकरण, नवीनीकरण तथा प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशों के समयबद्ध अनुपालन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर इकाइयों को सक्रिय बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी संचालन पर विस्तृत चर्चा हुई। संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। बैठक संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं रोवर-रेंजर आंदोलन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुई।

# विश्विद्यालय कार्यक्रम

## सिद्धार्थ विश्विद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर






भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) में रोवर-रेंजर गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण एवं विश्वविद्यालय को जिला संस्था के रूप में संबद्ध किए जाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, कुलपति प्रो. कविता शाह, कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती सुषमा यादव, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री मोहित कुमार तथा जिला संगठन आयुक्त श्री अमित शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर इकाइयों के प्रभावी संचालन, सदस्यता पंजीकरण एवं नवीनीकरण, युवाओं की सक्रिय सहभागिता तथा प्रादेशिक मुख्यालय की योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री मयंक शर्मा ने चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर गतिविधियों के विस्तार हेतु पूर्ण सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन प्रदान किया।

## दीनदयाल उपाध्याय विश्विद्यालय, गोरखपुर

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में रोवर-रेंजर गतिविधियों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गोरखपुर मंडल श्री मोहित कुमार, विश्वविद्यालय जनपद के मुख्यायुक्त प्रो. शांतनु रस्तोगी, संयोजक एवं जिला आयुक्त (रोवर) प्रो. शरद मिश्रा तथा जिला संगठन आयुक्त श्री सूरज कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं वित्त अधिकारी श्री विनय कुमार राय से शिष्टाचार भेंट कर प्रादेशिक अंशदान, सदस्यता पंजीकरण एवं नवीनीकरण तथा प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशों के समयबद्ध अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर इकाइयों को सक्रिय बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया गया।।





## राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्विद्यालय, अलीगढ





भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन में 24 जून 2026 को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में रोवर-रेंजर गतिविधियों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती नेहा कटियार तथा विश्वविद्यालय जनपद समन्वयक डॉ. अंजना कुमारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव श्री प्रबुद्ध सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक श्री धीरेन्द्र कुमार से शिष्टाचार भेंट कर प्रादेशिक अंशदान, सदस्यता विस्तार तथा प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर चर्चा की गई। बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर रोवर-रेंजर इकाइयों के गठन, सदस्यता पंजीकरण, नवीनीकरण तथा युवाओं की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा ने चीफ कमिश्नर फैलोशिप, युवा तरंग महोत्सव, बी.एस.जी. छात्रवृत्ति योजना, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा उत्तर प्रदेश स्काउट केयर के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रोवर-रेंजर गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया।

# स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

**कब/बुलबुल :-**

प्रश्न 01 – COH का विस्तार करें?
(A) कैश ऑन होम (B) कोर्ट ऑफ़ ऑनर
(C) कैश ऑफ़ होम (D) उक्त में कोई नहीं

प्रश्न 02 – एक ट्रूप/कम्पनी की सबसे छोटी इकाई है ?
(A) स्काउट (B) पेट्रोल (C) कब (D) बुलबुल

प्रश्न 03 - पेट्रोल झण्डे का आकार कैसा होता है ?
(A) त्रिकोण (B) चौकोर (C) आयताकार (D) लम्बवत

प्रश्न 04 - पेट्रोल झण्डे की माप क्या होती है ?
(A) 20x30x30 सेमी. (B) 30x20x30 सेमी. (C) 30x20x20 सेमी. (D) 20x30x20 सेमी.

प्रश्न 05 – कब गोले घेरे में बैठना संकेत पर किस अंग के बल बैठते है?
(A) घुटने के (B) एड़ी के (C) पंजे के (D) कोहनी के

प्रश्न 06 – कंम्प्यूटर के मेमोरी में डाले गये काम को प्रदर्शित करता है?
(A) मानीटर (B) प्रिंटर (C) सी.पी. यू. (D) की-बोर्ड

प्रश्न 07 – कंम्प्यूटर माउस किस प्रकार का डिवाइस है ?
(A) अपलोड (B) डाउनलोड (C) आउटपुट (D) इनपुट

प्रश्न 08 – निम्नलिखित में कौन सा कार्य कंम्प्यूटर नहीं करता ?
(A) आउटपुर्टिंग (B) अंडर स्टैंडिंग (C) प्रोसेसिंग (D) इनपुटिंग

प्रश्न 09 – एक गीगामीटर (GB)) में कितने बाइट होते है ?
(A) 1000 MB (B) 1024 MB (C) 1024 ZB (D) 1024 KB

प्रश्न 10 – इनमें कौन सा सर्च इंजन नहीं है ?
(A) Google (B) Yahoo (C) Bing (D) GK Section

**स्काउट/गाइड :-**

प्रश्न 01 – विश्व स्काउट ब्यूरो का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) जिनेवा (B) चिली (C) इग्लैंड (D) दक्षिणी अफ्रीका

प्रश्न 02 – WAGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1908 (B) 1909
(C) 1911 (D) 1928

प्रश्न 03– गाइडिंग का नाम कहाँ से लिया गया ?
(A) गाइड फ़ोर्स (B) गाइड फ्रंटियर फ़ोर्स
(C) गाइड विंग (D) गाइडिंग मूवमेंट

प्रश्न 04 – कंम्प्यूटर के किस भाग का प्रयोग गणना और तुलना के लिए किया जाता है ?
(A) सी. पी. यू. (B) ए. एल. यू. (C) मोहम (D) यू. पी.एस.

प्रश्न 05 – नेशनल यूथ कमेटी के सदस्यों की आयु क्या होनी चाहिए?
(A) 18-30 वर्ष (B) 16-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D)17-40 वर्ष

प्रश्न 06 – सिल्वर स्टार एवार्ड कितने वर्षो की सेवा के लिए दिया जाता है ?
(A) 25 वर्ष (B) 20 वर्ष (C) 30 वर्ष (D) 40 वर्ष

प्रश्न 07 – MOP कार्यक्रम कब स्थापित हुआ?
(A) 2010 (B) 2015 (C) 2011 (D) 1999

प्रश्न 08 – विश्व गाइड ध्वज में सफ़ेद रंग के उल्टे एल (L) की आकृति किसका प्रतीक है ?
(A) सेवा का (B) सिस्टम हुड का (C) ब्रदर हुड का (D) शांति का

प्रश्न 09 – प्रथम प्रादेशिक बी. एस. जी. ज्ञान प्रतियोगिता किस वर्ष में प्रारम्भ हुई?
(A) 2015 (B) 1997 (C) 2022 (D) 2020

प्रश्न 10 –भारत स्काउट और गाइड के उत्तर प्रदेश के उप मुख्य संरक्षक कौन है ?
(A) राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) राष्ट्रपति (D) प्रधानमंत्री

**रोवर/रेंजर :-**

प्रश्न 01 – फस्ट कॉन्फ्रेंस ऑफ़ रोवर एंड रेंजर लीडर में कितने राज्य ने भाग लिया था ?
(A) 16 राज्य (B) 12 राज्य (C) 24 राज्य (D) 20 राज्य

प्रश्न 02 – निपुण टेस्ट उत्तीर्ण करने के लिए अपने टीम के साथ में भाग लेना चाहिए ?
(A) 02 (B) 03 (C) 04 (D) 01

प्रश्न 03 – फर्स्ट प्रेसिडेंट रोवर/रेंजर अवार्ड रैली कब आयोजित हुआ था ?
(A) 1961 (B) 1951 C) 1971 (D) 1991

प्रश्न 04 –एक रेंजर राष्ट्रपति अवार्ड रेंजर बैज को कहाँ पहनेगी?
(A) दायें बाजू की आस्तीन (B) बाएं बाजू की आस्तीन (C) बांया पाकेट (D) दायीं पाकेट

प्रश्न 05–बेडेन पावेल को लेडी बी. पी. द्वारा क्या उपनाम दिया गया था ?
(A) स्टी (B) राबर्ट (C) स्मिथ (D) राबिन

प्रश्न 06 – राज्य पुरस्कार टेस्ट उत्तीर्ण करने के लिए एक रोवर/रेंजर को कितने कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर कार्य करने होते है ?
(A) 02 (B) 01 (C) 04 (D) 03

प्रश्न 07 – भारत स्काउट्स और गाइडस ने स्काउटिंग फॉर ब्वायज पुस्तक का पहला संस्करण कब जारी किया ?
(A) अक्टूबर 1972 (B) जनवरी 1960 (C) फरवरी 1957 में (D) दिसम्बर 1908 में

प्रश्न 08 – प्रथम ओलम्पिक खेल कब हुआ था ?
(A) 1886 (B) 1896 (C) 1891 (D) 1890

प्रश्न 09 – अगले ओलंपिक खेलो की मेजबानी कौन करेगी ?
(A) टोक्यो (जापान) (B) रियो द जेनेरो (ब्राजील ) (C) लास एंजेलिस (अमेरिका ) (D) पेरिस (फ्रांस)

प्रश्न 10 – संविधान सभा ने राष्ट्रगान को कब स्वीकार किया था ?
(A) 24 जुलाई 1947 (B) 26 जनवरी 1950 (C) 24 जनवरी 1950 (D) 15 अगस्त 1947

उक्त प्रश्नों के उत्तर अगले पृष्ठ पर देख सकते है |

# Activities at a Glance

## महिला को ट्रेन में दिल का दौरा पड़ा, मौत

**बांदा, स्पष्ट आवाज।** ट्रेन में दिल का दौरा पड़ने से महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के भेज दिया। चित्रकूट जिले के बगई गांव निवासी अमित ने बताया कि उसकी 75 वर्षीय मां शकुंतला पत्नी इंद्रपाल बीमार थी। वह बुधवार की शाम मैंमो ट्रेन से बैठाकर कानपुर इलाज के लिए जा रहा था। तभी भरतकूप के पास अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो गई। ट्रेन के अतर्रा रूकते ही सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्रो के अलावा पूरा परिवार छोड़ गई है।

## माक एक्सरसाइज का कार्यक्रम आयोजित

### स्काउट गाइड को राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन की दी गई जानकारी



स्पष्ट आवाज

**बांदा।** दैवी आपदा राज्य स्तरीय माक एक्सरसाइज कार्यक्रम का आयोजन केन पथ में किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट गाइड को आपदा प्रबंधन की जानकारी जिला नोडल प्रभारी प्रधानाचार्य जिला स्काउट कमिश्नर मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने दी। प्रशिक्षण में बाढ़ आपदा पर बचाव के अनेकों उपाय बताए जिला प्रशिक्षण आयुक्त अशोक कुमार ने आपदा में बिना किसी संसाधन के स्टेचर बनाकर बाढ़ पीड़ितों को उचित स्थान पर ले जाने का प्रशिक्षण दिया जिला सचिव सरोज कुमार ने स्काउट गाइड को तैराकी के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों को बचाने के अनेकों तरीकों को बताया, उक्त प्रशिक्षण में अरुण कुमार अग्रहरी जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी, इसी क्रम में आराधना गौतम जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा माक एक्सरसाइज पर प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के अगले चरण में स्मिता द्विवेदी ने सभी स्काउट गाइड बाढ़ पीड़ितों को किस प्रकार उचित स्थान पर पहुंचाया जा सकता है तथा उनको उचित सुझाव एवं भय मुक्त वातावरण बनाये रखने पर वृहद जानकारी दी, कार्यक्रम में कुलदीप श्रीवास ट्रेनिंग काउंसलर व अंकित त्रिपाठी सहित जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू के स्काउट तथा भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज बांदा की गाइड उपस्थित रही। स्काउट गाइड द्वारा अनेको समाजसेवी कार्यक्रमो में लगातार हिस्सा लेते रहे आगामी बाढ़ आपदा में स्काउट गाइड को समय से पूर्व बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके लिए सभी स्काउट गाइड ने चढ बढ कर हिस्सा लेने के लिए संकल्पित हुए।

## वृक्षारोपण की हुई तैयारी, एडीएम की अध्यक्षता में की गई बैठक

बांदा। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में जनपद के उपखनिज बालू मोरम व गिट्टी पत्थर के समस्त पट्टाधारक, अनुज्ञाधारक, क्रेशर स्वामी और तमाम खनिज

## सामाजिक उत्तरदायित्वों में अग्रणी रहे स्काउट : जिला सचिव



**हरदोई।** शहर के जीआईसी के पास भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश, जिला संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क जल सेवा शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्काउट-गाइड के बच्चों ने राहगीरों को निःस्वार्थ भाव से शीतल पेयजल वितरित किया। जिला सचिव रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बीच आमजन को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य एवं मानवता से जुड़ा कार्य है। भारत स्काउट एवं गाइड संस्था सदैव सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ समाजहित में कार्य करती रही है। जल सेवा शिविर के माध्यम से संस्था द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। पेयजल वितरण सेवा कार्य में नैतिक प्रजापति, गौरव, आर्यन, संकल्प सिंह, शुभम वर्मा, विनीत रस्तोगी, आशुतोष सिंह, शिवानी दीक्षित, आस्था शुक्ला एवं वंशिका सिंह की विशेष भूमिका रही। सभी स्काउट-गाइड बच्चों ने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ राहगीरों को जल पिलाकर सेवा कार्य को सफल बनाया। जल सेवा शिविर अवधेश त्रिपाठी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

स्काउट गाइड ने साफ सफाइ के प्रति किया जागरूक

## यात्रियों को रेल वन अप के बारे में दीं जानकारी

भास्कर ब्यूरो



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक करते स्काउट गाइडस

**हरदोई।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शनिवार को स्काउट गाइड के बच्चों ने भ्रमण किया। स्काउट व गाइड बच्चों को सीएमआई अम्बुज मिश्रा, स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा, आरपीएफ प्रभारी संजीव, सीएचआई प्रशांत द्वारा स्टेशन पर चल रहीं विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

अधिकारियों ने बच्चों को ट्रेनों का संचालन, सफाई व्यवस्था,

- स्टेशन पर रेल यात्रियों को स्काउट्स ने पिलाया शीतल जल

इसके बाद बच्चों ने प्लेटफार्म पर यात्रियों को पर्यावरण बचाने के

रेल वन एप के बारे में भी यात्रियों को जागरूक किया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी रमेश चंद्र वर्मा व उनका स्टाफ साथ में रहा। बच्चों द्वारा ट्रेनों पर यात्रियों को पानी पिलाकर जल सेवा की गई। बच्चों को डीआरयूसीसी मेम्बर

## नौतपा में भी स्काउट गाइड ने राहगीरों की सेवा

- रोडवेज बस अड्डा पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रोडवेज बस अड्डे पर राहगीरों को पानी पिलाते स्काउट गाइड। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के छठें दिन पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने लोगों का शीतल जल पिलाया। नौतपा भी स्काउट और गाइड का मनोबल डिगा न सका। सूर्य देव का प्रचंड ताप से राहगीर बेहाल हो रहे थे। ऐसे में स्काउट और गाइड द्वारा की जा रही शीतल जल सेवा ने प्यासे लोगों की प्यास बुझाई तो मुरझाये चेहरे खिल उठे।

रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला आयुक्त गाइड रीता जेसवार द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट अनुशासन में रहते हुए अपने क्रियाकलापों को करें। यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं का हाइड्रेट रखते हुए जल सेवा करें। द्वादश मण्डल मुरादाबाद के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार ने स्काउट गाइड के इस पुनीत कार्य की सराहना की। कहा कि स्काउट और गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित होता है स्काउट सदैव गर्मी सर्दी वर्षा की परवाह किये बिना, अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ता है। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, जिला आयुक्त रीता जेसवार आयुक्त रीता पाण्डेय, जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी, जमाल फात्मा प्रशिक्षण आयुक्त, भुजवीर सिंह जिला स्काउट मास्टर, जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, संजय गुप्ता, राहुल जैन, हीरा कली, मनोज कुमार, वीरवती, स्काउट नितिन गंगवार आदि मौजूद रहे।

## शिविर के समापन पर स्काउट गाइड को किया सम्मानित

- सुबह 10 बजे स्काउट गाइड ने की मुसाफिरों की सेवा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रोडवेज परिसर में खड़े स्काउट गाइड के शिविर के समापन पर अतिथि।

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के समापन पर विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट गाइड ने प्रातः 10 बजे शीतल जल सेवा प्रारंभ कर दी। स्काउट गाइड का उत्साह देखते ही बनता था, दौड़ दौड़ कर हर आने जाने वाली बस पर मुसाफिरों की सेवा मे जल लेकर उपस्थित हो जाते। मुख्य अतिथि स्वाति मेंथोल के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर एसके गुप्ता ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज का आपका ये परिश्रम निश्चित ही फलीभूत होगा। कार्यक्रम के दौरान ही 19वीं अंतर्राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समाज सेवी और संस्था उपाध्यक्ष अवतार सिंह द्वारा भोजन की व्यवस्था की।शीतल जल के लिए बर्फ की व्यवस्था कपिल आर्य राष्ट्रपति स्काउट ने की।इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, संस्था उपाध्यक्ष कपिल आर्य,अवतार सिंह जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह,आयुक्त रीता जेसवार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला आयुक्त एडल्ट डॉ. रीना दुबे, डॉ. उबैद अनस शम्सी, डॉ. रूपा अग्रवाल, राम सिंह, सचिव ओमप्रकाश सैनी, जिला, स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनूद, डॉ. अनूप कुमार,जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, ममता सिंह, सर्वेश शर्मा, विपिन कुमार, शीबू सिंह, विकास कुमार, दीपक, शाहनवाज, पुनीत कुमार, गुरदीप सिंह, दीपांश चौधरी, प्राची तिवारी, मनोज कुमार, वीरवती, अब्दुल्ला, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम ,शिव,गाइड अंशिका, हुमैरा, आशी, खुशी, आस्था, अनम, पाखी अनमोल, महिमा, कहकशा आदि मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड को बाढ़ बचाव के बताए तरीके

संवाद न्यूज एजेंसी



बाढ़ आपदा से बचाव के तरीके बताते जिला स्काउट कमिश्नर। स्रोत- स्काउट-गाइड।

**बांदा।** दैवी आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज केन पथ पर हुई। जिला नोडल प्रभारी प्रधानाचार्य जिला स्काउट कमिश्नर मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय ने स्काउट गाइड को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। बाढ़ आपदा पर बचाव के अनेकों उपाय बताए।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त अशोक कुमार ने आपदा में बिना किसी संसाधन के स्ट्रेचर बनाकर बाढ़ पीड़ितों को उचित स्थान पर ले जाने का प्रशिक्षण दिया। जिला सचिव सरोज कुमार ने स्काउट गाइड को तैराकी के माध्यम से बाढ पीडितों को बचाने के

### केन पथ पर किया गया अभ्यास

अग्रहरी ने बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त अराधना [गौ]तम ने मॉक एक्सरसाइज पर [प्र]शिक्षण दिया। स्मिता द्विवेदी ने सभी स्काउट-गाइड को बाढ़ पीड़ितों को किस प्रकार उचित स्थान पर पहुंचाया जा सकता है व भय मुक्त वातावरण बनाए रखने की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलदीप श्रीवास, अंकित त्रिपाठी, भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की गाइड उपस्थित रहीं।

# चिलचिलाती धूप में ठंडा पानी पिलाना सराहनीय



रोडवेज बस स्टैंड पर लगे शिविर में बोलते जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार।

**रामपुर, अमृत विचारः** स्काउट गाइड ने शुक्रवार को हाईवे पर लोगों को पानी पिलाकर उनका गला तर कराया। रोडवेज बस स्टैंड पर स्काउट गाइड सुबह 10 बजे निर्धारित बेस पर पहुंचे और शीतल जल सेवा शुरू की। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि चिलचिलाती धूप में बच्चों द्वारा राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना सराहनीय है।

जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्काउट गाइड को उनके सहयोग के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट और गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित होता है। जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी ने स्काउट गाइड को बताया कि देश में जब-जब भी कोई बाढ़,डिजास्टर, भूकम्प इत्यादि आपदा के समय भी स्काउट और गाइड सदैव सेवा की है। एआरएम राम प्रकाश ने कहा कि प्रचण्ड गर्मी में बिना रुके, जल सेवा करना बड़ा काम है।

# यात्रियों की प्यास बुझाने स्काउट-गाइड संग स्टेशन पर उतरे रेलवे अधिकारी

– राजधानी जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस से शुरू किया 22 दिवसीय सेवा कार्य का शुभारंभ

– यात्रियों को बिस्किट ठंडा पानी संग पिलाया शरबत

दैनिक सुपर फास्ट टाइम्स ब्यूरो
रागनरेश पांडेय



मऊ। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट व गाइड जिला संघ वाराणसी के स्थानीय इकाई ने रविवार को रेलवे स्टेशन पर 22 दिवसीय सेवा कार्य का शुभारंभ राजधानी जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस से किया। मंडल वाणिज्य निरीक्षक अखिलेश सिंह व स्टेशन अधीक्षक सचिन पटेल ने नर सेवा नारायण सेवा के मंत्र के साथ राजधानी को जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस में सवार यात्रियों यात्रियों को बिसकिट खिला कर व उन्हे ठंडा पानी व शरबत पिला कर किया। इसके पश्चात स्काउट व गाइड ने ट्रेन के बोगियों के पास पहुंच कर यात्रियों को ठंडा पानी प्रदान किया, उनके बोतलों में पानी भरे तथा शरबत प्रदान किया। ग्रुप लीडर राकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन में भीड़ अधिक होने के चलते जनरल बोगी के यात्री स्टेशन पर उतर नहीं पाते और पानी की कमी के चलते वे बीमार पड़ जाते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मंडल रेल मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश पर इस 22 दिवसीय सेवा सेवा कार्य का शुभारंभ किया गया है। बताया कि हमारे सदस्य आज से 15 जून तक नियमित रूप से स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को ठंडा पानी पिलाते रहेंगे। इसमें दौरान पार्सल अधीक्षक वीके पांडेय, विनोद कुशवाहा, पुष्कर कुमार, अखिलेश कुमार चौहान, राजेश कुमार, दिनेश कुमार, शंभूनाथ, गुल्लू राम, अक्षय श्रीवास्तव, हर्षिता गोड़, पियूष कुशवाहा, अंजली, रजत, सुंदर, सूरज, घनश्याम, आकाश, निक्की, शालू, रंजना, मनीषा, जिज्ञासा, रिंकू आदि शामिल थे।

## स्काउट गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित

- रोडवेज बस अड्डे पर मुसाफिरों को पिलाया जल

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रोडवेज बस अड्डे पर मुसाफिरों को पानी पिलाते मुख्य आयुक्त व सचिव। -जागरण मोर्चा

रामपुर। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के नवें दिन भी स्काउट और गाइड ने शीतल जल सेवा पिलाकर सेवा की। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार मुख्य अतिथि रहे।

जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्काउट गाइड को उनके सहयोग के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने बच्चो को सम्बोधित करते पुनीत कार्य की सराहना की। कहा कि स्काउट और गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित होता है। जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी ने स्काउट गाइड को बताया कि देश में जब जब भी कोई विषम परिस्थिति जैसे बाढ़,डिजास्टर, भूकम्प इत्यादि आपदा के समय भी स्काउट और गाइड सदैव प्रस्तुत रहते हैं। सार्वजनिक मेलों में भी स्काउटिंग की मदद ली जाती है। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष अवतार सिंह जिला आयुक्त बलराम सिंह, संतोष कुमार, सचिव ओमप्रकाश सैनी, जिला, स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, डॉ. अनूप कुमार, जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, ममता सिंह, सर्वेश शर्मा, विपिन कुमार, शीबू सिंह, विकास कुमार, दीपक, शाहनवाज, पुनीत कुमार, गुरदीप सिंह, दीपांश चौधरी, प्राची तिवारी, मनोज कुमार, वीरवती, अब्दुल्ला, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम, शिव, अंशिका, हुमैरा, आशी, खुशी, आस्था, अनम, पाखी अनमोल, महिमा, कहकशा व अन्य उपस्थित रहे।

## फगवाड़ा: सड़क हादसे में डॉक्टर की हुई मौत

खबर का असर, रामपुर। फगवाड़ा सराय इमाम लोदीपुर निवासी डॉक्टर संजय यादव (पुत्र जगदीश) की हाल ही में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। रविवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामबहादुर ने मृतक डॉक्टर संजय यादव के आवास पर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और इस कठिन समय में उन्हें ढाढस बंधाया। शोक व्यक्त करते हुए सपा नेता रामबहादुर ने कहा-डॉक्टर संजय यादव एक होनहार और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका असमय चले जाना परिवार के साथ-साथ पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में हम पूरी तरह से परिवार के साथ खड़े हैं।"इस दौरान उनके साथ स्थानीय गणमान्य लोग और सपा अम्बेडकर वाहिनी के विधानसभा प्रभारी रोहित सागर, उसमान, अनीश मुमताज और समाजवादी पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसपर सद्भावना मंडप पनवडिया में स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों ने किया योगा



खबर का असर, संवाददाता

**रामपुर।** 12 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों ने सद्भावना मंडप पनवड़िया में प्रतिभाग किया जिसके मुख्य अतिथि माननीय कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, जिलाभिकारी अजय कुमार द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा रहे। इस अवसर पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जमाल फात्मा, गाइड कैप्टन हीरा कली, स्काउट राम बहादुर, ऋतिक, शिवम, अब्दुल्लाअंसारी, माइकल, अनवर अली, गाइड सलोनी गौड़, अनुष्का,ज्योति सहित 60 स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

## [प]ार्क में आयोजित किया योगासन



सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे तथा अन्य लोगों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर मौजा

## विश्व योग दिवस पर खारी कुआं कन्या इंटर कॉलेज छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ किया योगासन





खबर का असर, रामपुर। कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष मे दुआ के साथ-साथ पोस्टर प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिताऔर योगासन का आयोजन किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी यादव ने कहा कि हम लोगो को रोज योग करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ और निरोग रहेगा इस मौके पर छात्रों ने कपालभाति चक्रासन अनुलोमविलोम जैसे महत्वपूर्ण योगा किया इसमे शिक्षिकाएं और छात्राओं ने भाग लिया।

## डीआईओएस ने किया निःशुल्क पेयजल शिविर का शुभारम्भ



**हरदोई।** शहर के कलेक्ट्रेट गेट के पास मंगलवार को भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए एक माह के लिए निःशुल्क पेयजल शिविर का शुभारम्भ डीआईओएस व स्काउट-गाइड के जिला मुख्यायुक्त बालमुकुंद प्रसाद ने किया। डीआईओएस श्री प्रसाद ने कहा कि भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच राहगीरों, विद्यार्थियों एवं आमजन को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। ग्रीष्म ऋतु में इस प्रकार के सेवा शिविर लोगों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। भारत स्काउट और गाइड सदैव सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। शिविर की व्यवस्था जिला सचिव रमेश चंद्र वर्मा के निर्देशन में की जा रही है। इस आयोजन में जीआईसी के प्रधानाचार्य श्याम नारायण यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त आकाश कश्यप, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेम श्रीवास्तव, सहायक जिला सचिव ओम प्रकाश सिंह, नैतिक प्रजापति व राजकुमार उपस्थित रहे। पेयजल वितरण सेवा में संकल्प सिंह, शुभम वर्मा, विनीत रस्तोगी, आशुतोष सिंह, शिवानी दीक्षित, आस्था शुक्ला व वंशिका सिंह मौजूद रहे।

सभा के द्वारा देखा और सुना गया के रूप में २०१५ में मान्यता प्राप्त

## स्काउट-गाइड ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

सत्यभाष संवाददाता

**शामली।** भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद शामली के जनपद कार्यालय लिलौन, शामली में १२वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला सचिव डा० हीरा सिंह के कुशल नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्काउट-गाइड पदाधिकारियों एवं स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का





अभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती गायत्री देवी, जिला संगठन आयुक्त श्रीमती गीता रानी, गाइड कैप्टन पुरंधि सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने की एक समग्र जीवन पद्धति है। योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनता है।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' है, जो सभी को स्वस्थ, संतुलित एवं सुखी जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है और आज यह विश्वभर में करोड़ों लोगों के स्वस्थ जीवन का आधार बन चुका है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

---

**उत्तर माला : स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-B, 2-B, 3-A, 4-A, 5-B, 6-A, 7-D, 8-B, 9-B, 10-D

स्काउट/गाइड – 1-A, 2-B, 3-B, 4-B, 5-A, 6-B 7-C, 8-D, 9-C, 10-B

रोवर/रेन्जर – 1-A, 2-C, 3-C, 4-B, 5-D, 6-A, 7-A, 8-B, 9-D, 10-C

# Glimpses of Activities




U.P. SCOUTS CARE
सेवा • साहसम् • संस्कारः




## OUR SOCIAL ACCOUNTS




This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official



Share & Subscribe our Youtube Channel
**BSGUP Official**

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,